हरिभूमि


# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025

04 कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण ...



07 महिदपुर में श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई





## समाचार संक्षेप

### मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन




**गुना।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल व्हीसी के माध्यम से बैठक में जुडें।बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजनैतिक दलों को प्रारंभिक प्रकाशन की सूची एवं डीव्हीडी प्रदान की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की तैयार की गई हैं। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर 2025 किया गया है।

### समाजसेवियों ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**गुना।** अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण और इसके क्षरण से गुना जिले पर पडऩे वाले विनाशकारी प्रभावों को लेकर मंगलवार को अरावली बचाओ-गुना बचाओ आंदोलन एवं वॉइस ऑफ अरावली के बैनर तले जलवायु कार्यकर्ताओं ने एडीएम अखिलेश को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम संबोधित यह ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया, जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि अरावली की प्राकृतिक दीवार को नष्ट किया गया, तो गुना, शिवपुरी और ग्वालियर जैसे जिले आने वाले समय में रेगिस्तान में तब्दील हो जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि अरावली को माइनिंग माफियाओं से बचाने के लिए केंद्र सरकार सख्त कानून बनाए और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर पुनर्विचार के लिए आवश्यक कदम उठाए।

### रोजगारोन्मुखी शिक्षा और शोध पर केंद्रित होगा तात्या टोपे विवि का नया सत्र



**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) किशन यादव की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिलों के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा विश्वविद्यालय में अध्ययन मंडल, शोध केंद्र की स्थापना और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करना रहा।शोध और भारतीय ज्ञान परंपरा पर जोर कुलगुरु प्रो. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ विभिन्न विषयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप शोध का वातावरण विकसित किया जाएगा। उन्होंने अकादमिक परिषद, शोध परिषद के गठन और शोध निदेशक नियुक्त किए जाने के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया। कुलगुरु ने स्पष्ट किया कि आगामी सत्र से रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों और डिप्लोमा कोर्सेस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि छात्रों को केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

# होटलों में शराब पिलाने पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**शहर के ढाबों पर छापेमारी हुई कई संचालकों पर प्रकरण दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अवैध मदिरा कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने गुना में बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख ढाबों और होटलों पर एक साथ छापेमारी की। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को कई स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से मदिरा पिलाने के मामलों में संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। इस सख्त कार्रवाई से शहर भर में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने आगे भी लगातार अभियान जारी रखने के संकेत दिए हैं।

### ढाबों पर खुलेआम छलक रहे थे जाम

कार्रवाई के दौरान होटल हाईवे हवेली (बजरंगगढ़ बायपास), ड्रीम कैफे (कुसमोदा चौकी के सामने), केवट ढाबा (एबी रोड), मोनू ढाबा (ट्रांसपोर्ट नगर), आस्था होटल (अंबेडकर चौराहा) एवं सम्राट होटल (दशहरा मैदान रोड) पर दबिश दी गई। जांच में यह पाया गया कि इन






होटल एवं ढाबों पर नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से मदिरा पिलाई जा रही थी। इस पर संबंधित होटल एवं ढाबा संचालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36(ए) एवं 36(बी) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

### कार्रवाई से मचा हड़कंप

आबकारी विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध मदिरा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार ऐसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी निरंतर एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर एवं महिला आबकारी आरक्षक पूजा रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके कार्य की विभाग द्वारा सराहना की गई है। आबकारी विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध मदिरा से संबंधित किसी भी जानकारी को तत्काल प्रशासन तक पहुंचाएं।

## पवन कॉलोनी में बढ़ती वेश्यावृत्ति पर लगाम लगाने की मांग

# पॉश इलाकों से कॉलोनियों तक में देह व्यापार का बढ़ता ही जा रहा नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में देह व्यापार बेलगाम होता जा रहा है। कभी पॉश इलाकों तक सीमित रहने वाला यह अवैध धंधा अब गली-मोहल्लों और रिहायशी कॉलोनियों तक अपनी पकड़ बना चुका है। स्पा सेंटर, मसाज सेंटर और नामचीन होटलों की आड़ में सुनियोजित तरीके से वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन केंद्रों में दिन-रात संदिग्ध गतिविधियां चलती रहती हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एसपी कार्यालय में इसी मुद्दे को लेकर एक गंभीर शिकायत सामने आई। शहर की पवन कॉलोनी के रहवासियों ने एसपी को आवेदन सौंपकर क्षेत्र में चल रही वेश्यावृत्ति की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।



### शहर में देह व्यापार तेजी से फैल रहा

शहर में अवैध वेश्यावृत्ति का नेटवर्क पहले सिर्फ कुछ सीमित क्षेत्रों तक सीमित था, लेकिन अब यह तेजी से फैल रहा है। इसका असर न सिर्फ अपराध दर पर पड़ता है, बल्कि सामाजिक और नैतिक माहौल पर भी दिखाई देता है। लोग इससे भयभीत हैं और अपने बच्चों और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### स्पा सेंटर और मसाज सेंटर की आड़ में अवैध गतिविधियां संचालित हो रहीं

कई स्पा और मसाज सेंटर केवल व्यवसाय के बहाने चल रहे हैं, लेकिन वास्तव में वहां वेश्यावृत्ति की गतिविधियां होती हैं। इन केंद्रों को औपचारिक रूप से वैध दिखाया जाता है, जिससे जांच-पड़ताल मुश्किल हो जाती है।

### नामचीन होटलों और केंद्रों पर गंभीर आरोप

कुछ प्रतिष्ठित और बड़े नाम वाले होटल और केंद्र भी इस अवैध काम में शामिल पाए जा रहे हैं। यह दर्शाता है कि अपराध सिर्फ छोटे या अज्ञात जगहों तक सीमित नहीं, बल्कि बड़े प्रतिष्ठानों तक भी पहुंच चुका है।

### कॉलोनियों तक पहुंचा अवैध कारोबार

पहले यह व्यापार केवल कुछ ही पिछड़ी बस्तियों तक सीमित था, लेकिन अब यह सामान्य रिहायशी क्षेत्रों, कॉलोनियों और गली-मोहल्लों में भी फैल चुका है। इसका असर स्थानीय लोगों के जीवन और सुरक्षा पर पड़ रहा है।

### पवन कॉलोनी के निवासियों ने एसपी से शिकायत दर्ज कराई

स्थानीय लोग अब आवाज़ उठाने लगे हैं। पवन कॉलोनी के निवासी अपनी सुरक्षा और शांति को लेकर परेशान हैं और उन्होंने एसपी ऑफिस में जाकर औपचारिक शिकायत दी। यह समाज में जागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी की निशानी है।

### जनसुनवाई में मामला उठाया

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान इस मुद्दे को अधिकारियों के समक्ष रखा गया। जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान ढूंढना होता है। यह दर्शाता है कि लोग कानूनी और औपचारिक तरीके से मदद मांग रहे हैं। स्थानीय लोग इस गतिविधि से अपने बच्चों, परिवार और पूरे मोहल्ले की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इससे समाज में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है, और लोगों का जीवन स्तर प्रभावित हो रहा है।

### सख्त और तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ताओं की मांग है कि इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त और तुरंत कार्रवाई हो। उनका मानना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह व्यापार और ज्यादा फैल सकता है।

### ■ इनका कहना है

वह ऐसे इलाकों को चिन्हित कराकर जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

**-अंकित सोनी,** एसपी गुना

# लूट-डकैती के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवदेनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सख्त और प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे और उनकी टीम द्वारा लूट-डकैती के एक गंभीर प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 28 अगस्त 2025 को बीनागंज स्थित बंधन बैंक के कैश कलेक्शन कर्मचारी जितेन्द्र प्रजापति, देवेन्द्र एवं हिमांशु के साथ पीपलहेड़ा गांव के पास दो वाईकों से आए 06 अज्ञात बदमाशों के द्वारा कट्टा दिखाकर 1,53,410/- रूपये नगदी, दो टेवलेट, दो फिंगर डिवाइस व अन्य दस्तावेज लूट की सनसनीखेज घटना घटित की गई थी । इस घटना पर से मृगवास थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । विवेचना में आए तथ्यों के आधार पर प्रकरण में डकैती की प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए दिनांक 06 सितंबर 2025 को तीन आरोपी 1-प्रदीप अहिरवार, 2-सुनील उर्फ रोहित मीना एवं 3-बनबारी कुशवाह निवासीगण ग्राम सुंदरपुरा थाना चांचौड़ा को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से लूट के माल सहित घटना में उपयुक्त दो मोटर सायकिलें तथा 315 बोर कट्टा बरामद किया गया था । प्रकरण में शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मृगवास थाना पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं एवं इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तथा तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए आरोपियों की तलाश में निरंतर दविशें दी जा रहीं हैं । इस क्रम में पुलिस के सतत प्रयासों, लगातार सूचना संकलन एवं प्रभावी तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 को फरार एक और आरोपी के संबंध में मुखबिर से पुख्ता सूचना मिलने पर मृगवास थाना पुलिस द्वारा सुनियोजित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी जगदीश पुत्र दौलतराम मीना उम्र 36 साल निवासी ग्राम संदरपुरा थाना चांचौड़ा को और गिरफ्तार कर लिया गया एवं विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है ।

# चांचौड़ा में पहली बार श्री अमृतवाणी सत्संग एवं राम नाम दीक्षा 25 को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

आगामी 25 दिसंबर (गुरुवार) को श्री अमृतवाणी सत्संग एवं राम नाम दीक्षा का विशेष कार्यक्रम कम्युनिटी हॉल प्रांगण चाचौड़ा में प्रथम बार आयोजित होने जा रहा है। पतित पावन राम नाम से जुड़कर अपना एवं अपनों का परम कल्याण अवश्य कीजिएगा। श्रीअमृतवाणी एक ₹दिव्य अवतरित ग्रन्थ है₹ जो स्वामी श्रीसत्यानंद जी महाराज द्वारा रचित है, यह ग्रन्थ बीस भाषाओं में उपलब्ध है। श्रीरामशरणम् एक विशुद्ध आध्यात्मिक संस्था है, जिसका प्रमुख उद्देश्य राम नाम की भक्ति करते हुए सेवा, सिमरन,और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति को अंतर्मुखी होकर स्वयं का सुधार कर ईश्वर की प्राप्ति करना है। श्रीरामशरणम् की ₹साधना पद्धति के अंतर्गत, यहां पर राम- नाम की साधना की जाती है! व्यक्ति राम- नाम की भक्ति में डूब कर राम- मय हो जाता है, और सेवा, सिमरन, के साथ राम- नाम में ध्यान लगाना सीखता है, और बुराइयों से दूर हो जाता है, श्रीरामशरणम् में आकर व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है, और वह सादगी के साथ स्वयं की आध्यात्मिक साधना की और अग्रसर हो जाता है। परमात्मा श्रीराम को ही अपना गुरु स्वीकारा और ₹परम गुरु₹ जय जय राम₹ की धुन के साथ श्रीरामशरणम् संस्था की स्थापना की एवं मनुष्य के कल्याण के लिए इस शाश्वत राम-नाम से लोगों को जोड़कर राम-राम जपने के लिए प्रेरित करना आरम्भ किया और लोगों को राम नाम से जोड़ने के लिए वह कोसों दूर पैदल यात्रा किया करते थे, उनके बाद यह पुनीत कार्य पूज्यपाद संतश्री प्रेमजी महाराज ने कई वर्षों तक आगे बढ़ाया और उनके पश्चात यह परम कार्य स्वामी डा. विश्वामित्र जी महाराज जो कि एम्स दिल्ली में (ऑक्यूलर माइक्रो बायोलॉजिस्ट एशिया के एक मात्र डॉक्टर) थे के द्वारा देश विदेश में यह राम नाम के विस्तार का कार्य तेजी के साथ किया गया।श्रीरामशरणम् एक विशुद्ध आध्यात्मिक संस्था है, इसी माह जुलाई- 25 में इस संस्था को 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। जिसका अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय 8- रिंग रोड लाजपत नगर, नई दिल्ली में स्थित है। जिला गुना में श्रीरामशरणम श्रीअमृतवाणी सत्संग का संचालन 35 वर्षों से ₹कमला भवन₹ नयापुरा में निरंतर आयोजित किया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों के खिलाफ पुतला किया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के जयस्तंभ चौराहा पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचारों और बढ़ती आतंकी गतिविधियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से बांग्लादेश का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया और पुतले पर जूते-चप्पल मारकर नारे लगाए। इस दौरान प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा भी उपस्थित रहे। बजरंग दल के जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यदि इन घटनाओं पर शीघ्र रोक नहीं लगी तो संगठन देशभर में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। विरोध प्रदर्शन में जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सह मंत्री राजेंद्र कुशवाह, जिला सह संयोजक सौरव रजक, लोकेश कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गौड़ सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



## सवर्ण आर्मी ने फूंका बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे बर्बर हमलों के विरोध में मंगलवार को गुना में भारी जनाक्रोश देखने को मिला। सवर्ण आर्मी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शहर के हृदय स्थल हनुमान चौराहे पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में ईश निंदा के झूठे आरोप में एक हिंदू युवक को जिंदा जलाए जाने की जघन्य घटना पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।झूठे आरोपों में हिंदुओं को निशाना बनाने का विरोध हनुमान चौराहे पर हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार और वहां पनप रहे कट्टरवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सवर्ण आर्मी के विक्रम तोमर ने संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा की।



## समाजसेवी प्रेम नारायण दादा ने की अंगदान की घोषणा, चार जोड़ों का हुआ प्राणिग्रहण

# नि:शुल्क विवाह सम्मेलन में गूंजा अंगदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्रीराम मैरिज गार्डन में समाजसेवी प्रेम नारायण राठौर भजन दादा के सौजन्य से निशुल्क राठौर समाज विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में चार जोड़े शिवपुरी, बासौदा, ईसागढ़ और पोहरी परिणय सूत्र में बंधे।

पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र राठौर एवं युवा मंडल की कड़ी मेहनत से आयोजित इस सम्मेलन में सभी नव-दम्पत्तियों को डबल बेड, अलमारी, गैस चूल्हा, मिक्सी और



चांदी के आभूषणों सहित गृहस्थी का संपूर्ण सामान भेंट किया गया।कार्यक्रम में 77 वर्षीय प्रेम नारायण दादा ने भावुक होते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने अपने



माता-पिता की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में एक बड़ी घोषणा कर मिसाल पेश की। उन्होंने मंच से संकल्प लिया कि मृत्यु के पश्चात उनके नेत्र, मस्तिष्क (ब्रेन), किडनी और फेफड़े (लांग) दान किए जाएं। उनकी इस घोषणा की जानकारी पूर्व अध्यक्ष पवन राठौर ने दी।

इस दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने दादा के इस साहसिक निर्णय की सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों को चिकित्सकों ने देखकर आवश्यक दवाईयां दीं।


## समाचार संक्षेप

### पवित्र यात्रा उमरा के लिए मक्का मदीना जा रहे दपंति का किया स्वागत





**राघोगढ़** । नगर के युवा साथी दिलावर खान मंसूरी और उनकी पत्नी साहित पवित्र यात्रा उमरा के लिए मक्का मदीना जा रहे हैं । इस अवसर पर नगर की चौकी मोहल्ला पठान जमात के लोगों ने उनका इस्तकबाल स्वागत किया दिलावर खान को सफर के लिए रवाना होने से पहले मोहल्ला वासियों ने पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया सभी ने मिलकर दुआ मांगी की उनका सफर अल्लाह कामयाब करें और उमरा कबूल हो इस अवसर पर सदर अब्दुल सईद ,हाजी मुन्ना, असलम शेर खा, हबीब खा, बंटी पठान, शाहरुख समद खा, लाईक खा ,नदीम खा, मुस्ताक खा, इकबाल खा ,अबरार खा, शराफत खा ,अनस खा ,मकसूद खा, आमिर खा, सहित मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।

### शासकीय पेंशनर संघ द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**राघोगढ़।** नगर के मंगल भवन मे शासकीय पेंशनर संघ द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है । जिसमें प्रतिदिन भगवान श्री कृष्णा के विभिन्न प्रसंग सुनाए जा रहे हैं । बड़ी संख्या में भक्त लोग श्रीमद् भागवत गीता सुनने आ रहे हैं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह कथा सुनने पहुंचे उन्होंने भगवत गीता जी का पूजन अर्चन किया कथा




वाचक पुरुषोत्तम पारीक का पुष्पहार से स्वागत किया कथा के दौरान भक्तों ने भगवान श्री कृष्णा के प्रसंगो को सुना खूब आनंदित हो रहे हैं कथा के दौरान भगवान श्री कृष्णा की लीलाओ उपदेश भक्ति महत्व पर प्रकाश डाला जिससे सभी श्रद्धालु भक्ति में आनंद ले रहे हैं सोमवार को हुई कथा में आचार्य पुरुषोत्तम पारीक गजेंद्र मोक्ष प्रसंग को विस्तार से बताया । मंगलवार को भगवान का विवाह आदि प्रसंग को बताया गया शासकीय पेंशनर संघ द्वारा श्रीमद् भागवत कथा मंगल भवन में आयोजित करकर नगर वासियों को श्री कृष्ण की भक्ति में रामा दिया है देर शाम को प्रसाद वितरण होता है श्रीमद् भागवत कथा में नगर की महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में समय पर कथा सुनने आते हैं।

## अटल जी की जन्मशताब्दी, वीर बाल दिवस पर होंगे आयोजन

# संगठनात्मक कार्यक्रमों के साथ विचारधारा को जनजन तक पहुंचाएं: पचौरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना/चांचौड़ा

प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति का नया आयाम है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।ये बात सम्मेलन के भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने चांचौड़ा में आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही ।।मुख्य वक्ता सुमित पचौरी ने पचौरी ने वीर बाल दिवस के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और वीरता की भावना जाग्रत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।यहाँ बात ध्यान में रखने वाली है कि पूर्व की सरकारों के समय में जब बाल दिवस की बात होती थी तो



पंडित जवाहर लाल नेहरु ने जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता था लेकिन हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गुरुगोबिंद सिंह जी के चार चार साहबजादों ने जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए,भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए विदेशी आक्रांताओं के सामने शीश नहीं झुकाया और अपने प्राणों का बलिदान देकर अपने स्वाभिमान की रक्षा की ,ऐसे चार चार साहबजादों के बलिदान को जीवंत बनाने के लिए वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया थाराजगढ़ सांसद रोडमल नागर ने अपने संवोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अटल जी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर विश्व मंच पर अपनी शक्ति का परिचय दिया। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देशों से शांति और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया। "बस यात्रा" के माध्यम से भारत-पाक संबंधों में सुधार की पहल उनकी दूरदर्शिता का उदाहरण है।अटल बिहारी वाजपेयी जी एक उत्कृष्ट कवि भी थे। उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, संवेदना और मानवीय मूल्य झलकते हैं। वे सदैव लोकतंत्र, सहिष्णुता और संवाद में विश्वास रखते थे।अटल जी के विचार और कार्य आज भी देशवासियों को प्रेरणा देते हैं। वे भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे, जिन्होंने शब्दों और कर्मों दोनों से राष्ट्र की सेवा की।कार्यक्रम में विधायक श्रीमति प्रियंका पेंची,जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना ,प्रबल प्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष प्रदुमन मीना,अंकु शर्मा,राजाराम गुर्जर रोहित कांसट आदि उपस्थित थे।संचालन कृष्ण भोला सोनी ने किया ,आभार जिला मंत्री श्रीमति कुसुमलता शर्मा ने जताया ।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण आयोजित



**अशोकनगर।** मंगलवार को भारत भारत रत्न स्वर्गीय चैधरी चरण सिंह के जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती से जुड़े कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुंगावली एवं अशोकनगर विकासखंड के लगभग 60 कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी. एस. गुप्ता ने स्व. चैधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और किसान दिवस के महत्व के बारे में किसानों को बताया। साथ ही प्राकृतिक खेती से संबंधित चर्चा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र पर संचालित बायो रिसोर्स सेंटर का भ्रमण भी किसानों द्वारा किया गया एवं कृषि विज्ञान केंद्र के फसल कैफेटेरिया में लगी हुई फसलों की विभिन्न किस्मों के बारे में विस्तार से डॉक्टर हेमंत त्रिवेदी द्वारा बताया गया। डॉक्टर के के यादव वैज्ञानिक उद्यानिकी द्वारा उद्यान की फसलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अशोकनगर जनपद पंचायत के सीईओ शैलेंद्र सिंह यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना के बीटीएम डॉक्टर बैजनाथ सिंह यादव ने प्राकृतिक खेती हेतु जीवामृत धनजीबा अमृत बिजामृत दसपर्णी अर्क पंच परणी अर्क,ब्रह्मास्त्र इत्यादि बनाने की विधि का जीवंत प्रदर्शन किया। इस दौरान आत्मा परियोजना के अशोकनगर विकासखंड के सहायक तकनीकी प्रबंधक चंद्रकांत तिवारी एवं हिमांशु यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बीबी जी राम जी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक मार्गदर्शन कार्यक्रम "कॉलेज चलो अभियान"

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

कॉलेज चलो अभियान के तहत मालवा कॉलेज बीनागंज ने उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक मार्गदर्शन कार्यक्रम "कॉलेज चलो अभियान" के अंतर्गत आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम शासकीय कन्या विद्यालय चाचौड़ा, सी.एम. राइज विद्यालय चाचौड़ा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मृगवास में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के असिस्टेंट डायरेक्टर नितिन गौरकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि"आज का विद्यार्थी ही कल का भविष्य है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है। पैसा कभी भी शिक्षा में बाधा नहीं बनता। सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, शिक्षा ऋण (एजुकेशन लोन) एवं विभिन्न सहायता योजनाएँ उपलब्ध हैं, जिनका लाभ लेकर हर छात्र-छात्राये अपनी पढ़ाई पूरी कर सकता है।"उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी विद्यार्थी के पास संसाधनों की कमी है तो उसे निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सही जानकारी, मार्गदर्शन और मेहनत के बल पर वह अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।




शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ विनायक चोपड़ा जी ने संबोधन मैं कहा यदि कोई विद्यार्थि एक बार असफल होता है तो उसको हताश व निराश होने की आवश्यकता नहीं है नवहीं एक अन्य कार्यक्रम में सी एम राइज चाचौड़ा विधालय के प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना जी ने विद्यार्थियों को आगामी बारहवीं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की इसके साथ एक ओर कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मृगवास के प्राचार्य रामप्रसाद लोधा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सफलता एक दिन में नही मिलती पर एक दिन जरूर मिलती है एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रमुख वीरेंद्र सेन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि"परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से ही सफलता प्राप्त होती है।"उनके प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ।

## एसआईआर के संबंध में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मंगलवार को मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक एसआईआर के संबंध मे ब्लाक अध्यक्ष विवेक कांत भार्गव की अध्यक्षता में तथा पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई जिसमें मतदाता सूची के हटाये गये नामों की समीक्षा करना एंव नये नाम जुड़वाने के लिए अपने बीएलए एवं बीएलओ से संपर्क करें। निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किये गये मतदाताओं का निराकरण करने के लिए पोलिंग से तहसील स्तर पर कैंप लगाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करवाना। इस अवसर पर बाबूलाल जैन आंनद लिटौरिया युवक कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार अहिरवार शोइल मिर्जा बृज किशोर याज्ञनिक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नासिर अंसारी, राजीव सिंह यादव केरन लोधी प्रदीप विदुआ भगवत सिंह कडराना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सिक्ख इतिहास में वीरता और कुर्बानी की अनोखी मिसाल

## मौत को गले लगाया लेकिन धर्म को नहीं छोड़ा: संत बाबा

**अशोकनगर।** लखेरी में निरपाल सिंघजी के घर पर आयोजित सत्संग समागम में सचखंडवासी संत बाबा गुरदीप सिंघ से वरोसाये हुए संस्था के मौजूदा मुखी संतबाबा सतनाम सिंघजी ने सिक्ख इतिहास के अहम प्रसंग श्री चमकौर साहिब का रूहानी के इतिहास का श्रवण कराया।

उन्होंने अपने पावन वचनों में जिक्र करते हुए कहा कि विश्व इतिहास की अनोखी मिसाल है जब दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंघजी की अगुवाई में 40 सिक्खों ने 90 लाख दुश्मन फौज का सामना पूरी वीरता के साथ किया जिसमे से केवल कुछ हज़ार फौज ही बची थी। इससे पहले आठ महीने के लगातार घेराबंदी श्री आनंदपुर साहिब के किले की जो कि दुश्मन फौज ने की थी उससे निकल कर आये ही थे। उस घेराबंदी के दौरान सिक्खों ने एक-एक मुट्ठी चने खाकर समय व्यतीत किया। उस 90 लाख दुश्मन फौज में मुग़ल फौज के अलावा उन बाईस धार के राजाओं की फौज भी थी। जिनके बड़े-बुजुर्गों को जहांगीर ने ग्वालियर के क़लि में बंदरों की तरह खंभों से बांधा हुआ था। श्री गुरु गोबिंद सिंघजी के दादाजी श्री गुरु हरगोबिंद जी ने उन्हें उस नारकीय क़ैद से मुक्त करवाया था। लेकिन अहसान फ़रामोश उनके पोते आज मुग़ल सल्तनत को ख़ुश करने के लिए अपनी फौज लेकर इस घेराबंदी में प्रमुख रूप से शामिल थे। गुरु साहिब से किला छुड़वाने के लिए इन्होंने अपने अपने धर्म की झूठी कसमे तक खाईं कि आप किला छोड दो बस हमे कुछ और नहीं चाहिए। गुरु साहिब ने यहाँ तक कहा कि राजा की खाई क़समों पर कभी एतबार मत करना। फिर गुरु जी ने कहा कि दुश्मन को ऐसा लग रहा है कि हम शायद किले के भरोसे हैं पर नहीं, हमे तो अकालपुरख पिता का ही आसरा है। अब हम अकालपुरख पिता जी के हुकुम में किला छोड़ रहे हैं। जब किला छोड़ा तो उन्होंने पीछे से हमला बोल दिया। इतने विपरीत हालात में सिरसा नदी पार करके गुरु साहिब ने अमृत वेला में आसा दी वार का कीर्तन किया। एक तरफ़ जंग चल रही है और दूसरी तरफ़ कीर्तन। जब चमकौर की गढ़ी में पहुँचे तो शाम का वक्त हो चुका था। अगले दिन इस जंग में गुरु साहिब के दोनों बड़े साहिबज़ादे बाबा अजीत सिंघजी और बाबा जुझार सिंघजी लाखों दुश्मनों को मौत के घाट उतारकर वीरगति को प्राप्त हुए।




# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत प्रारंभिक प्रकाशन के लिए राजनैतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कान्फ्रेंस कक्ष में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत प्रारंभिक प्रकाशन हेतु राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन का प्रारूप एवं डीव्हीडी प्रदाय की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 06 लाख 16 हजार 76 मतदाता है। जिसमें 02 लाख 93 हजार 87 महिला मतदाता,03 लाख 22 हजार 980 पुरूष मतदाता तथा 09 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 12 हजार 339 मतदाता है,जिसमें 01 लाख 01 हजार 622 महिला मतदाता,01 लाख 10 हजार 713 पुरूष मतदाता तथा 04 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में कुल 01 लाख 93 हजार 842 मतदाता है,जिसमें 92 हजार 271 महिला मतदाता,01 लाख 1 हजार 567 पुरूष मतदाता तथा 04 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली में कुल 02 लाख 9 हजार 895 मतदाता है,जिसमें 99




हजार 194 महिला मतदाता,01 लाख 10 हजार 700 पुरूष मतदाता तथा 01 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। जिले में कुल 81 सेवा मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 32,चंदेरी में 25 तथा विधानसभा मुंगावली में 24 सेवा मतदाता है। जिले में 18-19 वर्ष के कुल 6706 मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 1854,चंदेरी में 2063 तथा विधानसभा मुंगावली में 2789 सेवा मतदाता है। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 2463 मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 918,चंदेरी में 716 तथा विधानसभा मुंगावली में 829 मतदाता है। जिले में कुल 8479 दिव्यांग मतदाता है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 3086,चंदेरी में 2365 तथा विधानसभा मुंगावली में 3028 मतदाता है। जिले का ईपी रेश्यों कुल 57.25 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 59.79,चंदेरी में 54.77 तथा विधानसभा मुंगावली में 57.18 है। जिले का जेण्डर रेश्यों कुल 907 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 918,चंदेरी में 908 तथा विधानसभा मुंगावली में 896 है। उन्होंनें बताया कि जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 843 हो गई है। एसआईआर प्रक्रिया के तहत 79 बी.एल.ओ सुपरवाईजर तथा 843 बी.एल.ओ नियुक्त किये गये ।

**ऐसे मतदाता जिनके नाम ड्राफ्ट सूची में नही है :** बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 29402 मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में नही है। जिसमें 17201 महिला मतदाता,12189 पुरूष मतदात तथा 12 थर्ड जेण्डर शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 11071 मतदाता है,जिसमें 6287 महिला मतदाता,4777 पुरूष मतदाता तथा 07 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में कुल 8394 मतदाता है,जिसमें 4990 महिला मतदाता,3403 पुरूष मतदाता तथा 01 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली में कुल 9937 मतदाता है,जिसमें 5924 महिला मतदाता,4009 पुरूष मतदाता तथा 04 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है।

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल नो मेपिंग मतदाताओं की संख्या 5842 है। विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 3273,विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में 1050 तथा विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली 1519 मतदाता शामिल है। बैठक में बताया गया कि ईआरओ उन मतदाताओं को नोटिस जारी करेगा,जिनके पिछले एसआईआर मतदाता सूची के विवरण जो गणना प्रपत्र में दिए गए है,या तो उपलब्ध नही है,या डेटाबेस में मेल नही खाते हैं। नोटिस प्राप्त होने पर मतदाता को निर्धारित सांकेतिक सूची अनुसार कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की अवधि से 22 जनवरी 2026 तक दावे-आपत्ति दर्ज करने की अवधि रहेगी। 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी करने,सुनवाई और सत्यापन,गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों तथा आपत्तियों के निपटान की प्रक्रियान ईआरओ द्वारा की जायेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु 12 स्थानों पर होगी सुनवाई प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु मतदाता सूची में दावे आपत्ति की सुनवाई हेतु जिले में 12 स्थान निर्धारित किये गये है।इन स्थानों पर रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुनवाई करेगें। यह सुनवाई स्थल अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर न्यायालय कक्ष,तहसील कार्यालय अशोकनगर कक्ष, तहसील कार्यालय राजपुर वृत्त कक्ष, तहसील कार्यालय शाढौरा न्यायालय कक्ष, अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी न्यायालय कक्ष,तहसील कार्यालय चंदेरी न्यायालय कक्ष,तहसील कार्यालय ईसागढ़ न्यायालय कक्ष, तहसील कार्यालय नईसराय न्यायालय कक्ष, अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय कक्ष,तहसील कार्यालय मुंगावली न्यायालय कक्ष, तहसील कार्यालय बहादुरपुर न्यायालय कक्ष तथा तहसील कार्यालय पिपरई न्यायालय कक्ष में जनसुनवाई की जायेगी। प्रेस कान्फ्रेंस में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पावर प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के प्रारंभिक प्रकाशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेस कान्फ्रेंस में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,उप संचालक जनसंपर्कएस.एम.सिद्धीकी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस जमाखेडी में मनाया गया

**पिपरई।** विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने पिपरई प्रखंड के ग्राम जमाखेड़ी में मनाया गया। धर्म रक्षा दिवस जिसमें मुख्य वक्ता सीताराम तिवारी जिला सत्संग प्रमुख, अरविंद भार्गव जिला धर्म प्रसार प्रमुख, बृजभान कुशवाह प्रखंड सह मंत्री, प्रवीण शर्मा प्रखंड सह मंत्री नीलम सिंह धाकड़ प्रखंड प्रमुख, रघुवीर सिंह लोधी मठ मंदिर प्रमुख, श्री राम लोधी, महेंद्र सिंह लोधी, मोनू शर्मा, हरिओम केबट, राम बाबू लोधी, रवि कुर्मी, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रसार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें सीताराम तिवारी ने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर हम सभी संकल्प लेते हैं कि श्रद्धानंद सरस्वती की तरह हम सभी मिलकर शुद्धि कार्यक्रम चलाएंगे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एंव पंजीयक लोक न्यास, चांचौड़ा जिला गुना म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक 0002/बी-113(1)/2025-26/ प्रो. क्र. 276 चाचौडा, दिनांक 09/12/2025**

**// विज्ञप्ति //**

**प्रारुप क्र. 4 (देखें नियम 5 (1)**

**( म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम 1662 के नियम 5 (1) के द्वारा)**

**लोक न्यासों के पंजीयक उपखण्ड चांचौडा जिला गुना के समक्ष**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत श्री अभिराम दास जी त्यागी निवासी श्री रामटेकरी धाम ग्राम देदला तहसील चांचौडा जिला गुना द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अंतर्गत लोक न्यास के रूप में मंदिर श्री हनुमान जी मंशापूर्ण राम टेकरी तपोवन ग्राम देदला तहसील चांचौडा जिला गुना म.प्र. को पंजीकृत किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो प्रकरण क्रमांक 0002/बी-113(1)/2025-26 पर दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रचलनशील है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना पक्ष प्रकरण में नियत दिनांक 22/01/2026 को या इसके पूर्व न्यायालय मे स्वंय उपस्थित होकर अथवा अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार न करते हुए प्रकरण मे नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी।

अनुसूची
(लोक न्यास का नाम और पता व संपत्ति का विवरण)

| | |
|---|---|
| लोक न्यास का नाम- | मंदिर श्री हनुमान जी मंशापूर्ण राम टेकरी तपोवन |
| लोक न्यास का पता- | ग्राम देदला तहसील चाचौडा जिला गुना म.प्र. |
| चल संपत्ति- | सूची अनुसार |
| अचल संपत्ति- | सूची अनुसार |

**(रवि मालवीय)**
**लोक न्यास पंजीयक एवं**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**उपखण्डा चांचौडा जिला गुना म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टीला निवासी रमेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामचरण, अजयपाल, सुकमाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खटीक मोहल्ला निवासी अंकित प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गटटू बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत वार्ड नम्बर 5 मल्हारगढ़ रोड़ मुंगावली निवासी भोलेराम यादव पुत्र नारायण सिंह यादव को इन्द्पाल के प्लांट में बिजली का झटका लग जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बिजली के पोल क्षतिग्रस्त

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत राघवेन्द्र सुमन निवासी नईसरायं ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 67 एए 5320 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर विधुत पोल क्षतिग्रस्त कर दिए। जिस पर से पुलिस ने टेक्टर चालक के खिलाफ मामाल दर्ज किया है।

### सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में आज दिलाई जाएगी शपथ

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्मदिवस 25 दिसम्बर के दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रातः 11 बजे सुशासन की शपथ ली जायेगी।

### वकील पर हमले का आखिरी आरोपी भी पकड़ा गया

**अशोकनगर।** स्थानीय एडवोकेट अनिल अग्रवाल पर किए गए हमले के आखिरी आरोपी खैराभान निवासी सरवन उम्र 28 साल को पुलिस ने पुराने बस स्टेण्ड से गिरफ्तार कर लिया है। टीआई रविप्रताप सिंह चैहान ने बताया कि इस घटना में कुल 6 आरोपी थे। 3 आरोपियों को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि दो आरोपियों को अगले दिन गिरफ्तार किया था। उसके बाद एक ही आरोपी शेष बचा था जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**अशोकनगर।** आगामी 11 जनवरी 2026 को मंडल खजुरिया कला में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा इसके लिए सभी ग्रामीणों द्वारा भव्य तैयारिया प्रारंभ कर दी गई है। इस हेतु अभी से गांव गांव में प्रचार प्रसार दीवार लेखन का कार्य आर एस एस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े स्तर पर तैयारी हेतु खजुरिया मंडल में हिंदू सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन भी किया। प्रतीक गांव में कलश यात्रा भगवा यात्रा के साथ-साथ उपस्थित सभी हिंदू भाइयों को भोजन व्यवस्थाएं भी की जाएगी। कार्यालय के उद्घाटन में मंडल के अंतर्गत आसपास की ग्रामों से समस्त हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। 23 दिसम्बर फोटो न.10 विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन 24 दिसम्बर को होगा

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन 24 दिसम्बर 2025 को किया गया है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 24 दिसम्बर को कलेक्टर कार्यालय भू-तल कक्ष कमांक 32 में किया गया है। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत बनाए गए नियमों में जो नवीन प्रावधान जोडे गऐ है, उनके बारे में परिचर्चा की जायेगी।

---

### मुंगावली में 10 निर्माणाधीन दुकानों और कई गुमठियों को तोड़ा गया

# 4 करोड़ रुपए की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

जिले में लगातार अवैध निर्माण के खिलाफ की जा रही कार्यवाही की चलते मुंगावली में कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्ग दर्शन में 4 करोड़ रूपए की मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान कई जगह जेसीबी मशीन से प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में आज 23 दिसंबर 2025 को नगर मुंगावली (कस्बारेज) स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 428 भूमि नोईयत खाल खद्दर शासकीय रुप में दर्ज भूमि में तहसीलदार मुंगावली के प्रकरण क्रमांक 02/1-68/2025-26 आदेश पारित 15 जुलाई 2025 से अतिक्रामको के विरुद्ध बेदखली आदेश पारित किया गया था। आदेश के उपरान्त भी अतिक्रामको द्वारा अपना अवैध कब्जा नही हटाया गया था। इसके पश्चात 19 दिसंबर 2025 को भूमि पर से अपना अवैध निर्माण हटाने व भूमि रिक्त करने हेतु पुनः नोटिस जारी किये गये थे। अतिक्रामक अनिल पुत्र वालकिशन सेन, राहुल पुत्र मंटू सेन, मजर अहमद पुत्र एजाज अहमद कुरेशी, औसाफ अहमद पुत्र अव्दुल हमीद, इकवाल अहमद पुत्र अब्दुल हमीद, खालिद अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद, शरीफ खांन पुत्र गफ्फार खान द्वारा अपना अवैध निर्माण नही हटाया गया। मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को अतिक्रामको का दुकान बनाकर किये गये अवैध निर्माण को हटाये जाने की कार्यवाही की जाकर भूमि को रिक्त कराया गया। उक्त भूमि नगर मुंगावली के बस स्टेण्ड के नजदीक मुख्य सडक से लगी हुई भूमि है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का रकबा लगभग 5600 वर्गफिट है। जिसका बाजारु मूल्य लगभग 04 करोड से अधिक है।

### जिन अधिकारियों की सह पर होता है अतिक्रमण उन पर भी कार्रवाई हो

जिन अधिकारियों के कंधों पर शासकीय भूमि को बचाए जाने की जिम्मेदारी है उन्ही अधिकारियों की सह पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जाता है। अतिक्रमण करने वालों से यह अधिकारी पहले अपनी जेब गरम करते हैं बाद में अतिक्रमण कराते हैं। अतिक्रमण के दौरान लाखों रूपए बर्बाद हो जाते हैं न जमीन मिलती न कोई बचाव होता। ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही होना चाहिए, जिनके कारण यह अतिक्रमण होता है।

### अशोकनगर में भी नपा और जिला प्रशासन चलाएगा अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान

जिला मुख्यालय का नगर होने के बाद भी अशोकनगर शहर अतिक्रमण की चपेट में है। स्थायी अतिक्रमण के साथ अस्थाई अतिक्रमण ने शहर को बदसूरत कर दिया है। जिसके कारण शहर से निकलना मुश्किल है। सबसे ज्यादा समस्या उन मार्गों पर आ रही है जिन मार्गों से सबसे ज्यादा लोगों का निकलना होता है। यह मार्ग चैड़े हैं लेकिन अस्थायी अतिक्रमण ने इन मार्गों को सकरा कर दिया है। जिससे निकलना मुश्किल होता जा रहा है। शहर आज भी वही जो तहसील बनने से पहले था, जिला होने के बाबजूद भी शहर की सूरत में कोई बदलाव नहीं आया है। जिसके कारण अब नगर पालिका और जिला प्रशासन ने स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कार्यवाही का निर्णय लिया है। शहर में मुनादी भी करा दी गई है।

### सब्जी मंडी पूरे शहर में लगती है, दो से तीन स्थानों पर ही लगे

शहर में सब्जी मण्डी खुदरा विक्रेताओं के लिए संजय स्टेडियम के पास और दूसरी गौशाला रोड अशोकनगर पर लगती है। यहां थोक सब्जी मण्डी से सब्जी खरीदकर और स्वयं सब्जी उत्पादक किसान सब्जी लेकर खुदर मूल्य में बेचने आते हैं। यह सब्जी मण्डी सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक इन्ही स्थानों पर लगती है बाद में यही दुकानदार हाथ ठेलों में सब्जी लेकर शहर में कहीं भी पन पसंद स्थान पर लगा लेते हैं। जिससे शहर की सड़के तंग मार्गों में तब्दील हो जाती हैं। यदि सब्जी की दुकानें जहां सुबह लगती हैं वहां पूरे दिन लगी रहे तो यातायात की समस्या भी नहीं होगी, सब्जी मण्डी व्यवस्थित रूप से चल सकेगी। सब्जी मण्डी जो संजय स्टेडियम के पास लगती है वहां सिर्फ दुकानें सब्जी वालों के लिए ही हों अन्य दुकानें यहां से हटाई जाएं।

### तुलसी सरोवर के पास एक नई सब्जी मंडी की व्यवस्था की जाए

शहर रेल पटरियों के कारण दो भागों में विभाजित है, जन सुविधा को देखते हुए एक ओर सब्जी मण्डी तुलसी सरोवर के समीप लवकुश मंदिर है वहां के खाली मैदान में तीसरी सब्जी मण्डी सुबह से लगाई जाए। ताकि वहां के लोगों को आसानी से सब्जी अपने घरों के पास ही उपलब्ध हो सके और लोगों को रोजगार यथावत मिलता रहे। आज की स्थिति में शहर में 100 स्थानों पर सब्जी बिक रही है यह सब्जी की दुकानें मुख्य सड़क मार्गों पर लगीं हैं। यह उनका स्थायी ठिकाना बन गया है, जिन मार्गों पर यह दुकानें लगी हैं उन मार्गों से सारे चल समारोह निकलते हैं स्टेशन का रास्ता भी यहीं से जाता है।

### रात को शहर सुंदर नजर आता है सुबह बदसूरत हो जाता है

यदि आप रात को दस बजे के बाद शहर में निकल जाएं तो आपकों शहर सुन्दर नजर आएगा, शहर के चैराहे सड़कें अतिक्रमण मुक्त नजर आएगीं और ऐसा लगेगा कि अशोकनगर रात में जितना सुन्दर है उतना दिन में क्यों नहीं हैं। अगर यह शहर जैसा रात में रहता है वैसा ही शहर पूरे दिन में रहे तो अशोकनगर से ज्यादा सुन्दर शहर कोई नहीं हो सकता। इस शहर की सुन्दरता को बनाए रखने की जिम्मेदारी, जितनी जिला प्रशासन और नगरपालिका की है उतनी ही जिम्मेदारी यहां के आमजनों की है। दुकानदार भी अपनी दुकान बाहर न लगाएं शहर हमारा अपना है इस भावना से कारोबार करें और अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने में आगे आएं।

---

### 51 स्वर्ण थालों में पाद प्रक्षालन हुआ

# महिदपुर में श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई



**अशोकनगर।** दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि सुधासागर जी महाराज का मंगल विहार गोलाकोट के लिए चल रहा है। शाढ़ौरा से विहार करने के बाद मुनिश्री ससंघ जब महिदपुर गांव पहुंचे तब महिदपुर में मुनिश्री की भव्य अगवानी की गई। भगवान की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। इस मौके पर 51 स्वर्ण थालों में मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया गया। इस मौके पर महिदपुर निवासी अशोक भारत, प्रदीप भारत, शालू भारत, गौरव भारत, विकास भारत, अनिल भारत के साथ सभी महिदपुर के नागरिकों ने भाग लिया। जो परिवार अशोकनगर में निवास कर रहे हैं वह परिवार भी इस मौके पर महिदपुर गांव में नजर आए। इस मौके पर श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, यह शोभा यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से निकली,जगह जगह भगवान की आरती उतारी गई और श्रीफल भेंट किए गए। इस मौके पर श्रीजी की शोभायात्रा के समापन के बाद भगवान का अभिषेक और शांतिधारा की गई। शांतिधारा मुनिश्री के श्रीमुख से हुई। इस मौके पर फूलमाल, ज्ञानमाल और जयमाल के आयोजन हुए। मुनिश्री का रात्रि में पचलाना में रात्रि विश्राम होने के बाद ईसागढ में वुधवार को भव्य अगवानी होगी।



### मुनिश्री के मंगल प्रवचन हुए

इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि जब श्रीराम वनवास में थे उस समय उन पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा, जानकी जी का हरण हो गया। वियावान जंगल में कोई सुख सुविधा नहीं थी तब भी श्रीराम ने माता कैकई को दोष नहीं दिया, ऐसे होते हैं हमारे महापुरूष। भगवान को देखने के लिए प्रहलाद जैसी आंख चाहिए। ईसागढ में जैन समाज द्वारा वेदी प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन ब्रम्हाचारी मुकेश भैया के निर्देशन में होगा। ईसागढ जैन समाज द्वारा यहां व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### नेत्र शिविर में 150 मरीजों की जांच की गई



**अशोकनगर।** श्री करुणा निधि सेवा समिति अशोकनगर के तत्वाधान में श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेट चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 150 मरीजों की जांच की गई और 80 को चिन्हित किया गया। उन्हें भोजन कराकर ऑपरेशन के लिए श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा भेजा गया इस मौके पर समिति अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी, पारस चंद्र जैन, प्रदीप शर्मा, रोटरी अध्यक्ष अजीत जैन, रोशन कोहली, सुधीर गुप्ता मौजूद रहे।

---

# पुलिस की सामुदायिक पहलः जरूरतमंदों के लिए वितरित किए कबंल व गर्म कपड़े





**अशोकनगर।** लोक कल्याण एवं मानवीय संवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले में एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की गई है। सामुदायिक पुलिसिंग की अवधारणा को धरातल पर साकार करते हुए जिले में जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे शीतलहर के प्रकोप से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

इसी तारतम्य में मंगलवार को थाना चन्देरी अंतर्गत थाना प्रभारी चन्देरी निरी. प्रशांत यादव एवं थाने के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा ग्राम खानपुर में एवं थाना शाढौरा अंतर्गत थाना प्रभारी शाढौरा निरी. सुनील सिकरवार, उनि. हरवीर रघुवंशी,उनि. संध्या रघुवंशी एवं थाने के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा ग्राम चारौदा,ग्राम सेजी आदिवासी बस्ती एवं आदिवासी बस्ती शाढौरा में जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल एवं ठंड से बचाव की अन्य सामग्री का वितरण किया गया। अशोकनगर पुलिस की इस संवेदनशील कार्यवाही ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पुलिस केवल अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत विभिन्न कार्यो को कर रही है। इस प्रकार के सेवा कार्यों से पुलिस और आमजन के मध्य विश्वास की डोर और अधिक मजबूत हुई है तथा सामुदायिक पुलिसिंग की भावना को नया आयाम मिला है।

### बिजली विभाग की समाधान योजना 31 दिसंबर तक

**शाढ़ौरा।** विद्युत वितरणकंपनी द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई समाधान योजना के तहत 31 दिसंबर तक बकाया राशि पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी का लाभ दिया जा रहा है। विद्युत वितरण केंद्र शाढ़ौरा की प्रभारी जूनियर इंजीनियर अदिति भालवे ने किसानों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जेई ने बताया कि इस योजना के तहत किसान अपने बकाया बिजली बिल की मूल राशि जमा कर पूरी ब्याज राशि से मुक्त हो सकते हैं। शाढ़ौरा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले 31 गांवों में विभाग द्वारा समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां किसान आसानी से अपना बिल जमा कर ब्याज माफी का लाभ ले सकते हैं।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को जिले की स्थानीय समस्याओं को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के नेतृत्व में 8 सूत्रीय मांगों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने बताया कि सीएसी,बीएसी की बिगत दिनों काउंसलिंग हुई थी जिससे पुराने सीएसी,बीएसी शिक्षा विभाग में बापिस भेजे गए जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लम्बे समय से हस्ताक्षर कर रहे हैं, जिनको विद्यालयों में पदस्थ किया जाना है।

संघ के जिलाध्यक्ष ने मांग की है यह लोग 5 वर्ष शासन प्रशासन के साथ समन्वयक की भूमिका निभाते रहे,इनके इनके कार्य सदैव अच्छे रहे है ,इनको जिले में सभी रिक्त पद बाली शालाओं को प्रकाशित कर काउंसलिंग के माध्यम से सुविधाजनक विद्यालयों में शीघ्र पदस्थ किया जावे। इन्हें दूर दराज की शालाओं में बिल्कुल न भेजा जावें, जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी को तुरन्त जिले के स्कूलों में काउंसलिंग के माध्यम से सुविधाजनक विद्यालयों में ही पदस्थ किया जाएगा इनके साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होगा। मांगो को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ साथ में राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल शिवहरे, कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी,आदि ने पूरी टीम के साथ मिलकर इस ज्ञापन में सहयोग किया। इस ज्ञापन में लगभग 300 शिक्षक उपस्थित हुए ,राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि अभी तक जितनी परामर्श दात्री बैठकें हुई उनमें जितनी भी समस्याएं रखी गई। आज तक किसी एक का भी समाधान नहीं हुआ ज्ञापन में उपस्थित शिक्षकों ने 100 मीटर दूर से रैली निकाली जमकर नारेबाजी की और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर दो अलग अलग ज्ञापन दिए। ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव के साथ राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल शिवहरे राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी,आजाद के जिला पदाधिकारी रामस्वरूप नामदेव,आकाश रघुवंशी ,रमेश प्रजापति ,भूपेन्द्र रघुवंशी,चंपालाल चंदेल ,मदनलाल अहिरवार, मनोज चैरसिया ,कृष्ण भान यादव,जितेन्द्र रघुवंशी ,जगदीश शर्मा, बांकेलाल नामदेव कमलेश श्रीवास्तव देवराज,के पी यादव आदि उपस्थित रहे।

### मांगो के बिन्दु

1 जिले के समस्त हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों में वरिष्ठता के क्रम में प्रभारी प्राचार्य बनाए जाएं।
2 ईसागढ़ विकासखण्ड के साथ साथ सभी विकास खण्ड की क्रमोन्नति हेतु फाईल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा है उनके शीघ्र आदेश जारी किए जाएं।
3 जिन शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूरी हो चुकी उनका वेतन 100 प्रतिशत दिया जाए।
4 कुछ का क्रमोन्नति लगने के बाद एरियर का भुगतान नहीं हुआ शीघ्र भुगतान किया जाए।
5 ई अटेंण्डेंस के कारण किसी का वेतन न रोका जावे।

# सकल हिंदू समाज ने किया कलेक्टर, एसपी का स्वागत




**अशोकनगर।** सकल हिंदू समाज द्वारा मंगलवार को कलेक्टर आदित्य सिंह, एसपी राजीव कुमार मिश्रा का नागरिक अभिनंदन किया गया। विगत समय अशोकनगर में सट्टा किंग पर कार्रवाई की गई जिसके लिए सकल हिंदू समाज का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुष्प माला स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज प्रतिनिधि के रूप में डॉक्टर दीपक मिश्रा ने स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए समाज में अवैध रूप से हो रहे सट्टे नशा के व्यापार रोकने का प्रयास किया है। उससे नगर के सकल हिंदू समाज आपका हार्दिक अभिनंदन करती है, और आशा करती है आगे भी कार्रवाई जारी करते हुए कठोर से कठोर कार्रवाई कर अशोकनगर के इतिहास में एक ऐतिहासिक कार्य करेंगे। इस अवसर पर दयाल शाक्य रेखा नामदेव, रामकृष्ण नामदेव, रमेती नामदेव, नैना शर्मा, अर्चना उपाध्याय, सीमा शर्मा, दिनेश रोशन कोहली, डॉ जयमंडल यादव, माधव सिंह रघुवंशी, डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ,नरेंद्र सिंह रघुवंशी महाना हरि नारायण रघुवंशी अरविंद रघुवंशी हरी रघुवंशी, अभिषेक राजपूत महेंद्र शर्मा रामकुमार चैधरी दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

# पिपरई में की जा रही हैं हिन्दु सम्मेलन की तैयारियां



**पिपरई।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में पिपरई में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां पूरे उत्साह, श्रद्धा और संगठनात्मक सक्रियता के साथ प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में पिपरई स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्य और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, युवा कार्यकर्ता, तथा आयोजन से जुड़े पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि पिपरई का हिंदू सम्मेलन आगामी 20 जनवरी 2026 को कृषि उपज मंडी प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि हिंदू सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना का जागरण करना, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाना तथा सनातन परंपराओं, संस्कारों और मूल्यों के प्रति जनजागरण फैलाना है। सम्मेलन के माध्यम से समाज को संगठित कर एक सकारात्मक, सशक्त और संस्कारवान दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित समाजजनों की सहभागिता से विभिन्न आयोजन समितियों का गठन किया गया। सभी ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया और जयकारों के साथ कार्यक्रम के प्रति उत्साह प्रकट किया।

# जनसुनवाई में 293 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, कलेक्टर ने समस्याओं का किया निराकरण



**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 293 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम तूमैन निवासी पिस्ता बाई द्वारा फौती नामांतरण कराये जाने,ग्राम सुरैल निवासी पुष्पेन्द्र यादव द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम रांट निवासी शशि बाई द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पैसे दिलवाये जाने,ग्राम खेजरा अटाली निवासी तरूण यादव द्वारा आधार कार्ड में सुधार करवाये जाने,ग्राम गुन्हेरू निवासी सुहानी सरवैया द्वारा बाल आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाये जाने,ग्राम साजनमहू निवासी भरत यादव भावांतर योजना के तहत सोयाबीन का पैसा दिलवाये जाने,ग्राम धतूरिया निवासी गीता साहू द्वारा प्लाट का सीमांकन एवं कब्जा दिलाये जाने,ग्राम पिपरिया निवासी भान सिंह आदिवासी द्वारा केसीसी के रूपये दिलाये जाने,ग्राम डंगोराफूट निवासी मुन्नी बाई अहिरवार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिलवाये जाने, वार्ड क्र.04 शाढोरा निवासी मनोहर यादव वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र बनवाये जाने,ग्राम चक्क दमदमा निवासी रामकन्या कटारिया द्वारा लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने आवेदन दिया।

लाखों का चूना लगा रहे व्यापारी, गेटपास न होते हुए भी कृषि मंडी से कैसे निकल रही गाड़ियां

# बिना नंबर की नई गाड़ियों से प्याज लहसुन की हो रही अवैध सप्लाई





हरिभूमि न्यूज ब्यावरा-सारंगपुर

एक तरफ किसानों को अपनी फसलों के उचित दाम तक नहीं मिल पा रहे, वहीं दूसरी ओर कृषि मंडी सारंगपुर के व्यापारी मंडी टैक्स बचाकर और सरकार को चूना लगाकर अपनी आय बढ़ाने में लगे हुए हैं। हालात यह है कि प्याज व लहसुन की सबसे ज्यादा आवक वाली मंडी को ग्रहण लगाया जा रहा है और वो भी अधिकारियों की नाक के नीचे।

कृषि उपज मंडी सारंगपुर से बिना अनुज्ञा (परमिट) के लाखों रुपए की प्याज की सप्लाई किए जाने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि यह प्याज कंपनियों को या दूसरे व्यापारियों तक नई बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों में भरकर भेजी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंडी परिसर में खुलेआम ट्रकों और पिकअप वाहनों में प्याज लोड की जा रही है, जिन पर न तो पंजीयन नंबर अंकित है और न ही किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इस तरह बिना गेटपास के ही कई गाडियां मंडी से निकाली जा रही है देखने दिखाने के लिए व्यापारी द्वारा कुछ गाडियों अनुज्ञा बनवा ली जाती है जिससे ऐसा प्रतीत हो की सब कुछ नियमानुसार ही चल रहा है।

### व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा कारोबार !

खुलेआम बिना नंबर की लोडिंग गाडियों में भर कर यह प्याज अंतरराज्यीय व्यापारियों तक पहुंच रही हैं। बताया तो यहां तक भी जाता है कि इसको निर्यात भी किया जाता है। ऐसे में देखना यह है कि क्या व्यापारीयों द्वारा एक्सपोर्ट करने संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है या नहीं। बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में कुछ व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत है, जिसके चलते नियमों को ताक पर रखकर अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

### बिचौलिए और व्यापारियों के बीच हो रहा किसान का शोषण

स्थानीय किसानों का आरोप है कि इस अवैध सप्लाई से उन्हें उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि मुनाफा बिचौलियों और बाहरी व्यापारियों की जेब में जा रहा है। वहीं शासन को भी टैक्स और शुल्क के रूप में भारी राजस्व हानि हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मंडी से बाहर जाने वाली सभी गाड़ियों की सघन जांच हो तथा बिना अनुज्ञा और बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो यह अवैध कारोबार और भी व्यापक रूप ले सकता है, जिसका खामियाजा किसानों और शासन दोनों को भुगतना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

आपके द्वारा जानकारी दी गई है। मैं दिखवाता हूं।
**राजेश खरे, सचिव कृषि उपज मंडी सारंगपुर**

गुरु सिंह सभा कमेटी व माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन

# वीर बाल दिवस पर रक्तवीरों ने किया 61 यूनिट रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु सिंह सभा कमेटी एवं माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण सिंह छाबड़ा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि रेड क्रॉस समिति से जिला सचिव संजय शेखर शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आभार धर्मेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने चारों साहिबजादों के शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में रामकिशन सलूजा, रणजीत सिंह सलूजा, संतोष सिंह अजवानी, सतपाल सिंह अरोरा, महेंद्र शाक्यवार, दिलबर यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवा के ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज सुठालिया

मंगलवार को शासकीय कन्या हाई सेकंडरी स्कूल में मतदाता सूची का प्रथम चरण का बीएलओ द्वारा किया गया। वार्ड क्रमांक 10 11 12 मतदान केंद्र 153 वार्ड क्रमांक 13 14 15 मतदान केंद्र 159 160 पार्षद और बीएलए उपस्थित रहे। आज से 22 जनवरी तक नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस मौके पर वार्ड 10 के पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश पालीवाल वार्ड 12 श्याम पालीवाल पूर्व पार्षद प्रवीण पालीवाल रघुवीर मेहर पदम राजपूत उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ का संदेश दिया

# नगर में चल रहे सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मानव श्रृंखला बनाई



हरिभूमि न्यूज छापीहेड़ा

नगर के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालय ने पंच परिवर्तन एवं स्वदेशी जागरण विषय को लेकर मानव श्रृंखला जो नगर के एक छोर रनारा जोड चौराहे से लेकर दूसरे छोर कृषि उपज मंडी गेट तक बनाई। नगर के सभी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर कृष्ण वैली स्कूल सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रखर कॉन्वेंट स्कूल रविंद्र कान्वेंट स्कूल जय हिंद अकैडमी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लेकर स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ अपने देश में बनी चीजों का इस्तेमाल करो और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करो जो भारत में आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय आह्वान है जो आर्थिक स्वतंत्रता एवं रोजगार सृजन और राष्ट्रवाद की भावना मन में जागृत करता है छापीहैड़ा बस स्टैंड स्थित सकल हिंदू समाज वर्ग के प्रबुद्ध जनों ने विदेशी चीजों को जलाकर संदेश दिया स्वदेशी अपनाओ का नारा लगाया और विदेशी चीजों को जलाकर यह संदेश दिया। तथा बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल थे। थाना छापीहेड़ा टीआई संगीता शर्मा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहीं। वही बाद में मोहित गुप्ता ने कहां भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वदेशी आंदोलन 1905 से जुड़े जिसमें ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार कर भारतीय सामानों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया था और यह नारा आज भी आत्मनिर्भर भारत के लिए सार्थक रूप ले रहा है जिसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता है। जिसमें मुख्य नारे स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ और विदेशी वस्तुओं का त्याग करो एक जुटता के साथ स्वदेशी अपनाओ कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सकल हिंदू समाज को स्वदेशी अपनाओ पर जोर देते हुए विराम दिया।

जनसुनवाई में अधिकारियों को अपर कलेक्टर ने कहा - करें आवश्यक कार्रवाई

# विधवा और वृद्ध पेंशन के तुरंत समाधान के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कालाखेत निवासी ब्रिजेश बाई ने बताया कि आवेदिका को पिछले माह से किसी कारणवश आवेदिका को विधवा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। इसी तरह ग्राम फतेहपुर निवासी मेहताब सिंह भिलाला ने बताया कि आवेदक के पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है और साथ ही आवेदक को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा हैं। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है।

खिलचीपुर निवासी भेरूंसिंह ने बताया कि आवेदक का मकान कच्चा तथा क्षतिग्रस्त हो गया हैं। साथ ही सभी ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है। परन्तु आवेदक को आज दिनांक तक उक्त योजना का लाभ किसी कारण वश नहीं मिल पा रहा हैं। ग्राम रामपुरिया निवासी नागा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर सोयाबीन की फसल उगाई गई थी, जो खराब मौसम होने के कारण फसल क्षति हो गई है। जिसका मुआवजा आवेदक को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पुरा खेरखेडी निवासी हल्कूबाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में वृद्ध पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। परन्तु वर्तमान में आवेदिका को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम गेहूं खेडी निवासी जगदीश सिंह सौधिया ने बताया कि आवेदक की कृषि भूमि तक सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था जन संसाधन विभाग द्वारा नहीं की गई है जिससे आवेदक की फसल को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा ईई मोहनपुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# अटल स्मृति पर्व पर भाजपा का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**जीरापुर।** नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में अटल स्मृति पर्व के उपलक्ष्य में विकास एवं सेवा भाजपा का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह विधानसभा में बोल रहे थे कि राघोगढ़ में विकास कार्य नहीं हो रहे मैने भी इस वाकिया को सुन रहा था तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दस वर्ष तक क्या किया जब क्षेत्र में विकास कार्य नहीं तो पुरे प्रदेश में विकास कहा से होगा विधायक दांगी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस को यहां से लेकर राष्ट्र तक समाप्त कर दिया। वह क्या विकास करेंगे। भाजपा जो कहती हैं वह करतीं हैं लाड़ली बहना कि राशि पन्द्रह सो की ओर तीन हजार तक करेगी। भाजपा ने विकास कार्य की गंगा बहाई है। तीव्र गति सभी तरह के काम चल रहें यह भाजपा की देन है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण पर कहा कि भाजपा ने हर प्रांत में संगठित होकर काम किया।

खाद के लिए कांग्रेसी धरना दे रहे थे जबकि यूरिया खाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध है इतना ही नहीं राजगढ़ जिले में भी सबसे ज्यादा खिलचीपुर क्षेत्र में खाद आया है जिसके लिए मेने मांग कर बताया था कि कुण्डालिया डेम से सिंचित भूमि बढ़ी है खाद कि ज्यादा आवश्यकता है यही नहीं मोहनपुरा डेम का पानी भी इस क्षेत्र में आ रहा है जिससे कृषि कार्य बढ़ा। पार्टी के लिए सबको संगठित होकर काम करना होगा।

# जिले में भी बंद पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने किया चिन्हित



**ब्यावरा-राजगढ़।** साफ्ट रिचार्ज जलपुनर्भरण की इस विधि से कम समय में ट्यूबवेल को रिचार्ज किए जा सकते हैं। पी.एच.ई. द्वारा राजगढ़ जिले में भी बंद पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने हेतु चिन्हित किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चिन्हित ट्यूबवेल को रिचार्ज करने का कार्य पंचायतों द्वारा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभी सभी जनपद पंचायतों में 10-10 कार्य प्रारंभ किए जा रहे है। पूर्व वर्षों में भी इस तरह के पुनर्भरण के कार्य किए गए है। जिससे वाटर लेवल बढ़ा है। जनपद पंचायतों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा अपनी देखरेख में उक्त कार्य कराए जा रहे है। जिससे आगामी वर्षा ऋतु में वाटर लेबल बढ़ेगा।

# नगर के समाजसेवी सुरेश चौहान को मिलेगा अटल सम्मान



**सारंगपुर।** सामाजिक धार्मिक व खेलों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने व इन क्षेत्रों में नगर को एक नई ऊंचाई व पहचान दिलाने पर नगर के समाज सेवी सुरेश चौहान 24 दिसंबर को रविंद्र भवन भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अटल सम्मान-2025 से सम्मानित किए जाएंगे। इस सम्मान के लिए प्रदेश भर से इन क्षेत्रो में 25 विभूतियों का चयन किया गया है, जिसमें नगर सारंगपुर और राजगढ़ जिले से सुरेश चैहान भी है, भोपाल के रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में कल होने वाले इस आयोजन में मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे तथा विश्वास सारंग एवं कृष्णा गौर राज्य मंत्री द्वेय विशिष्ट अतिथि होंगे, इस अवसर पर ष्आज की जनधारा समाचार पत्र का विमोचन भी होगा, आज की जनधारा परिवारष की ओर से स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 100 वी जन्म जयंती पर यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक धार्मिक व खेलों के क्षेत्र में कार्य करने वाली 25 विभूतियाँ अटल सम्मान-2025 से सम्मानित होंगी। नगर से सुरेश चैहान को इस सम्मान के चयन के लिए व सारंगपुर शहर को गौरांवित करने पर सभी इष्ट मित्रों ने अग्रिम बधाई व शुभकामना दी है।

# विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज जीरापुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में विधायक हजारीलाल दांगी ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न नवनिर्माण कार्य होना है इसको लेकर भुमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विधायक हजारीलाल दांगी ने टीन शेड, बाउंड्री वॉल, आरसीसी रोड, पैरापेट वाल आदि का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन में महाविद्यालय प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा, शंकरलाल दांगी, पंडित अनुपम आचार्य, प्रो ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ सचिन शर्मा, बंसीलाल जाटव, शिवनारायण वर्मा, कपिल वैष्णव, दिनेश कुमार दांगी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस महाविद्यालय की शुरुआत जन भागीदारी से निर्माण भवन करके अब विशाल भवन एवं सर्व सुविधा विद्यार्थियों के लिए है जिसमें लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल का त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित, 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल किए गए वितरित

# रैली निकालकर किया बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा






विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा मंगलवार को मां वैष्णोदेवी मंदिर परिसर ब्यावरा में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल देकर संगठन के प्रति समर्पण की भावनाओं की दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में शहर में आक्रोशित रैली निकाली और स्थानीय पीपल चौराहा पर हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार को लेकर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया। मां वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में बजरंगदल द्वारा आयोजित किए गए त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्रसिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौंछावर कर दिया,उसी तरह हमें समर्पित भाव से भारत माता की रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद एक महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के संत थे, जिन्होंने अपना जीवन वैदिक धर्मप्रचार, शिक्षा सुधार और शुद्धि आंदोलन चलाकर हिन्दू समाज को संगठित करने में किया, 23 दिसम्बर 1926 को अब्दुल रशीद नामक व्यक्ति ने उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल वितरित किए गए। कार्यक्रम के पश्चात बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही बर्बरता के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर स्थानीय पीपल चौराहा पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया।

इस मौके पर बजरंगदल प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि एक हिन्दू युवक की यह अमानवीय हत्या कोई अकेली घटना नही है, बल्कि पूरे बांग्लादेश में अल्प संख्यकों के खिलाफ बढ़ती असुरक्षा, भय और व्यवस्थित उत्पीड़न का भयावह प्रतिबिंब है। ऐसे हालात में भारत मूक दर्शन बना नही रह सकता और न ही रहना चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कूटनीतिक, राजनीतिक और मानवीय उपाय करें। त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में बाल संत कामेशकृष्ण महाराज, आचार्य द्वारिकाप्रसाद, प्रांत मंत्री नवलसिंह भदौरिया, मातृशक्ति प्रांत सहसंयोजिका रिंकू सुनेरी, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, विभाग सेवा प्रमुख डॉ. अशोक अग्रवाल, विभाग संयोजिका रीना चौधरी सहित जिला, प्रखंड पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमण्डल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

-:: **जाहिर सूचना** ::-

एत्द द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नन्दकिशोर साहू पिता हीरालाल साहू निवासी खुजनेर तहसील खुजनेर जिला राजगढ़ जो वन विभाग वनमण्डल राजगढ़ में एक पंजीकृत आरामशीन के मालिक है। उनके द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है की उनका स्वास्थ्य खराब रहने के कारण एवं पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण उन्होने अपने नाम पर पंजीकृत आरामशीन को उनके परिवार की सहमति से दोनो पुत्रों (1) श्री योगेश साहू (2) श्री पवन साहू सर्व पिता श्री नन्दकिशोर साहू निवासी खुजनेर तहसील खुजनेर जिला राजगढ के संयुक्त नाम पर आरामशीन का नामांतरण एवं आरामशीन का स्थान परिवर्तन चाहा गया है ।

अतः आरामशीन का नामांतरण / स्थान परिवर्तन किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के नाम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं उक्त आरामशीन का नामांतरण (1) श्री योगेश साहू (2) श्री पवन साहू सर्व पिता श्री नन्दकिशोर साहू निवासी खुजनेर तहसील खुजनेर जिला राजगढ़ के संयुक्त नाम पर कर दिया जावेगा ।

**वनमंडलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल राजगढ़**